पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

वर्ष - 22 ◆ अंक - 20 ◆ रायपुर 20 अप्रैल 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### बुजुर्गों के साथ कैरम खेलकर वरिष्ठजनों का बढ़ाया हौसला

# मुख्यमंत्री ने सियान गुड़ी का किया शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विकसित अत्याधुनिक डे-केयर केंद्र 'सियान गुड़ी' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों के साथ कैरम खेलकर उनका उत्साह बढ़ाया और आत्मीय संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर वरिष्ठजन अत्यंत प्रसन्न नजर आए तथा उन्होंने राज्य सरकार द्वारा विकसित 'सियान गुड़ी' के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर बुजुर्गों को फूड बास्केट वितरित किए तथा धार्मिक पुस्तक, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। उन्होंने समाज में वरिष्ठजनों के सम्मान और उनकी देखभाल के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को





**वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे-केयर सुविधा से सुसज्जित केंद्र : योग, स्वास्थ्य, मनोरंजन और कौशल विकास की मिलेगी एक ही छत के नीचे सुविधा**




रेखांकित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, लेकिन वर्तमान में समाज तेजी से बदल रहा है। एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति, रोजगार के लिए युवाओं का पलायन और व्यस्त जीवनशैली के कारण अनेक बुजुर्ग दिन के समय अकेलेपन और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अकेलापन केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन्हीं चुनौतियों के समाधान के लिए 'डे-केयर सेंटर ङ्क सियान गुड़ी' की परिकल्पना की गई है। यह भवन वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान, आत्मीयता और सक्रियता का एक सशक्त केंद्र बनेगा, जहां वे सुरक्षित वातावरण में दिन व्यतीत कर नई ऊर्जा और उत्साह प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्र का निरीक्षण करते हुए यहां उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की और इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आदर्श पहल बताया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सियान गुड़ी' के माध्यम से राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सम्मानजनक, सक्रिय और खुशहाल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हुए पारिवारिक मूल्यों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि जशपुर में रणजीता स्टेडियम के पीछे भागलपुर रोड स्थित यह 'सियान गुड़ी' केंद्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समग्र डे-केयर यूनिट के रूप में विकसित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें एक ही स्थान पर बहुआयामी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सामाजिक एकता का किया आह्वान



**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समाज में एकता और संगठन को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए लोगों से इसे मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही जरूरतमंदों के साथ खड़ा होकर सेवा और सहयोग की भावना को सच्चे अर्थों में निभा सकता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज के मंडल स्तरीय वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए एकजुटता और आपसी सहयोग के महत्व पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी एकता और संगठन पर निर्भर करती है। जब समाज के लोग एक साथ खड़े होते हैं, तो वे न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद भी बेहतर तरीके से कर सकते हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उन्होंने सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज के भीतर आपसी तालमेल और सहयोग से ही विकास के नए रास्ते खुलते हैं। उन्होंने युवाओं को भी समाज के कार्यों में सक्रि य भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। सांसद ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं।

### ग्रामीणों को गांवों में मिल रही बैंकिंग सुविधाएं

# सीएम ने 375 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवनों का किया लोकार्पण

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 375 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवनों का लोकार्पण किया।



इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पद्मश्री जागेश्वर यादव, विधायक गोमती साय और रायमुनी भगत मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत पंचायत स्तर पर बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अब छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहर या ब्लॉक मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इन अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण अब अपने गांव में ही बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। इसमें पैसे निकालना, जमा करना तथा नए बैंक खाते खोलना



भी सहज हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजनाएं एवं आयुष्मान भारत कार्ड जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए अब ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया सरल और सुलभ हो गई है, जिससे अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों की स्थापना से ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बचत हो रही है। अब उन्हें शहर आने-जाने में होने वाले खर्च और समय की चिंता नहीं करनी पड़ती, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीणों को डिजिटल युग से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इससे न केवल डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। इसके साथ ही इन केंद्रों में बिजली एवं पानी के बिलों का भुगतान भी स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकता है, जिससे आमजन को और अधिक सुविधा मिल रही है।

# जनगणना में पिछड़ा वर्ग का कॉलम हटाना अन्यायपूर्ण - रमेश यदु

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक हुई जिसमें भारत सरकार द्वारा किए जा रहे जनगणना में पिछड़ा वर्ग समाज के लिए कालम नहीं होने के कारण ओबीसी अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे है जबकि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समाज का कालम निहित है। इसी तरह यूजीसी 2026 को लागू करने की मांग को भी प्रमुखता से उठाई गई साथ ही पिछड़ा वर्ग को 60% आरक्षण दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया उपरोक्त विषय पर सारे पदाधिकारी ने गंभीरता से चर्चा की तथा सरकार के इस कार्य का घोर निंदा की तथा मांग किया गया इसको अति शीघ्र पूरा किया जाए नहीं तो संपूर्ण समाज मिलकर के समर्थन में आंदोलन किया जाएगाबैठक में प्रमुखता से यह बात आई जिसमें 22.5 प्रतिशत 2.3. को दिया गया इसी तरह साडे 22 .5% 2.. को भी दिया गया जबकि उनकी संख्या उतना ही है, इसी तरह जनरल कैटेगरी में 10% जनसंख्या है और उन्हें 10% की आरक्षण दिया गया है लेकिन पिछड़ा वर्ग का 60% जनसंख्या है और उन्हें 27 परसेंट आरक्षण दिया जा रहा है, जो कि हमारे साथ बहुत बड़ा अन्याय है। इसी तरह समझ में सामाजिक सद्भावना को खराब करने का प्रयास शासन द्वारा की जा रही है जिनकी जितनी संख्या भारी उतना उसकी हिस्सेदारी मिलना चाहिए, जो हमें नहीं मिल पा रहा है इन सभी मुद्दों को लेकर आगामी 9 मई 2026 दिन शनिवार को दोपहर 2ः00 बजे पुनः बैठक होगी जिसमें उपरोक्त विषयों पर चर्चा कर आंदोलन की तैयारी के संबंध में रूपरेखा तैयार की जाएगी, इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, प्रदेश संरक्षक लखनलाल कोसले, प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज बीएस रोटे, कार्यकारी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज युवराज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष कलर महासभा धनीराम विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज, विनोद नागवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष, राजा निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष रजक निर्मलकर समाज ,युवा प्रकोष्ठ बसंत सिन्हा जिला अध्यक्ष महासमुंद धर्मदास साहू संरक्षक साहू समाज महासमुंद, जिला दिनेश निर्मल कल प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र भतपहरी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरीश यादव पिथौरा महासमुंद, शंकर लाल सोनवानी प्रदेश संरक्षक श्री राम कुमार यादव छूरा , कृष्णा कोसले रायपुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने साहू व डागोर को पदाधिकारी बनाया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता युवा मोर्चा की नई टीम में अनेक नियुक्तिया की की गई है। जिसमें पीयूष साहू को युवा मोर्चा का शहर अध्यक्ष और सुरेंद्र डागोर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। युवाओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर स्थानीय कार्यकताओं और पदाधिकारियों में भारी हर्ष व्याप्त है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही समर्थकों ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। साहू व डागोर ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा , अश्वनी शर्मा , आनंद यादव सहित राकेश तिवारी एवं अन्य शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। वहीं अभिषेक नायक, सुमीत यदु, लाला जायसवाल, हितेन्द्र साहू, अजय देवांगन, सागर पाण्डेय, अबिनाश मानिकपुरी, गोपी ध्रुव, राजू पटेल, अजीत निषाद, गोपाल नागवानी, एवं अन्य लोगो ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकली



**भाटापारा।** भगवान श्री परशुराम की जयंती पर मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं ने पूरे शहर में घुमकर जय परशुराम का उद्घोष किया। केसरिया ध्वजों और झांकियों से सजी यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। रैली का समापन पर , आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। वही अक्षय तृतिया पर भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर राम सप्ताह चौक से यात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर भ्रमण कर के. के भवन में समापन के पश्चात प्रसादी भंडारे को आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर अटल त्रिवेदी, महेश उपाध्याय, सत्यनारायण जोशी, सुनील दुबे, शरद भृगु, सुशील शर्मा,अश्वनी शर्मा,अभिषेक उपाध्याय, बबिता भृगु, नेहा शर्मा, कविता शर्मा , पलाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए।

### अवैध शराब के साथ पकड़ा गया युवक

भाटापारा। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगो के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान में पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी पटपर निवासी किसन भारती नामक युवक को अवैध शराब के साथ सिद्धबाबा धौराभाठा नहर के पास अवैध रूप से शराब ले जाते हुए पकड़ा है उसके कब्जे से पुलिस टीम को 35 पाव देशी मसाला शराब बरामद करने में सफलता मिली है। किसन भारती के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत कार्यवाही की गई।

### तालाब सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन किया अश्वनी शर्मा ने



**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संतमाता कर्मा वार्ड स्थित मयुर स्कुल के सामने तालाब सौंदर्यीकरण तथा एसएलआरएम सेंटर जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन किया उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि तालाबों के संवर्धन व संरक्षण के लिए आगे भी कार्य जारी रहेगा साथ ही नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए हर प्रकार के सफाई मुहिम को चलाते हुए शहर से गंदगी एवं कचरा को हटाने के दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे है। उपरोक्त अवसर पर भाजपा नेता राकेश तिवारी आनंद यादव , दिलीप छाबड़िया , बालगोविंद पटेल , मनीष मिश्रा ,भुवन सिंग ठाकुर , सतीश साहू, किर्तन जयसवाल, सतीश तलरेजा , मोंटु ध्रुव ,संजय बंजारे , मालिकराम बांधे , संजय चतुरवेदानी , महेश शर्मा , यशपाल सिंग, मनोज वर्मा ,मंगल ध्रुव , कुशल गोस्वामी ,रोहित रजक , विनोद सेन , दिनेश तिवारी, अश्वनी ध्रुव , रोशन रजक , नारायण ध्रुव , शिव गोस्वामी, खुलास साहू, हेमंत नायडु सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। यह विदित रहे कि तालाब सौंदर्यीकरण के तहत संतमाता कर्मा वार्ड में 1 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है वही एसएलआरएम सेंटर जीर्णोद्धार कार्य के लिए 150.64 लाख रूपयें स्वीकृत किये गये है।

# महिला कोटे से जुड़े संविधान बिल के लुढ़कने के सियासी निहितार्थ



हालांकि, सरकार ने शेष दो बिल (परिसीमन और अन्य) आगे नहीं बढ़ाए, क्योंकि वे मुख्य बिल पर निर्भर थे। एचएम अमित शाह और पीएम मोदी विपक्ष के विरोध को कांग्रेस के इतिहास से जोड़कर जनता में प्रचार करेंगे। यह 2029 चुनावों से पहले राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज कर सकता है। इंडिया गठबंधन की विपक्षी एकजुटता ने पुनः सत्ताधारी गठबंधन एनडीए की नींद उड़ा दी है। ऐसा इसलिए कि लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026, जो लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लाने से जुड़ा था, 16 अप्रैल 2026 को वोटिंग में गिर गया। इसके पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े, जबकि न्यूनतम दो-तिहाई बहुमत (लगभग 352 वोट) की आवश्यकता थी, जो सरकार के रणनीतिकारों ने नहीं जुटा पाए। शायद पहली बार सदन में अमित शाह की रणनीति पिट गई। इसका राजनीतिक प्रभाव यह रहा कि मोदी सरकार के लिए 12 साल में पहली बड़ी संवैधानिक हार हुई है, जो विपक्ष की एकजुटता को दर्शाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे संविधान पर हमला बताकर कांग्रेस-विपक्ष की रणनीति की जीत घोषित की, जबकि भाजपा इसे विपक्ष विरोधी हथियार बनाने की योजना बना रही है। एक सत्ता विरोधी रणनीति के तहत जहां विपक्ष ने बिल को छलावा करार दिया, वहीं दावा किया कि यह परिसीमन और चुनावी नक्शा बदलने की साजिश है। वहीं, एक एनडीए नेता के अनुसार, बिल गिरने से सरकार अब सड़क पर विपक्ष को महिलाओं के अधिकारों के नाम पर घेरेगी।

हालांकि, सरकार ने शेष दो बिल (परिसीमन और अन्य) आगे नहीं बढ़ाए, क्योंकि वे मुख्य बिल पर निर्भर थे। एचएम अमित शाह और पीएम मोदी विपक्ष के विरोध को कांग्रेस के इतिहास से जोड़कर जनता में प्रचार करेंगे। यह 2029 चुनावों से पहले राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज कर सकता है। लेकिन इसका साइड इफेक्ट्स पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में भी दिख सकता है, क्योंकि विपक्षी एकजुटता का पुनः संदेश गया है। वहीं, मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल को दोबारा लाने के लिए रणनीतिक बदलाव कर सकती है, खासकर 16 अप्रैल 2026 को लोकसभा में हार के बाद। समझा जाता है कि सरकार नई विधेयक रणनीति के तहत दो या तीन नए विधेयक ला सकती है- पहला लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33त्न महिला आरक्षण सुनिश्चित करेगा, जिसमें एससी/एसटी के लिए सब-कोटा भी शामिल होगा। लेकिन फिर सवाल उठेगा कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए क्यों नहीं? दूसरा परिसीमन आयोग स्थापित करेगा, लेकिन इसे राज्यों के अनुमोदन से अलग रखा जा सकता है ताकि दो-तिहाई बहुमत आसान हो।

सरकार का मानना है कि विपक्ष से सहमति निर्माण के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, क्योंकि पीएम मोदी सभी दलों को पत्र लिखकर सर्वसम्मति की अपील कर चुके हैं, इसी सिलसिले में कांग्रेस और अन्य विपक्षियों से बातचीत जारी है। महिला कोटा बिल को 2029 चुनावों से पहले लागू करने के लिए 2011 जनगणना पर आधारित संशोधन पर जोर दिया, और नई जनगणना-परीक्षण का इंतजार खत्म किया जाएगा। इसके निमित्त संसदीय प्रक्रिया यह हैं कि विशेष सत्र बुलाकर संशोधित बिल पेश करना संभव होगा, जहां 18 घंटे लोकसभा और 10 घंटे राज्यसभा चर्चा होगी। वहीं सड़क पर प्रचार के साथ विपक्ष को ओबीसी हितों पर घेराव, जिससे राजनीतिक दबाव बनेगा। यह 2029 से पहले बहुमत जुटाने की कोशिश होगी। इस प्रकार देखा जाए तो महिला आरक्षण बिल को 2029 से पहले लागू करना संवैधानिक रूप से जटिल है, क्योंकि इसके लिए परिसीमन प्रक्रिया अनिवार्य है जो 2011 जनगणना पर आधारित होनी चाहिए। इसका संभावित विकल्प संशोधित बिल पुनर्प्रस्तावहै जिसके तहत सरकार दोबारा संशोधित विधेयक ला सकती है, जिसमें लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33त्न महिला कोटा सुनिश्चित हो, लेकिन विपक्ष सहमति के बिना दो-तिहाई बहुमत मुश्किल है। इसलिए विपक्ष से सर्वसम्मति की पहल तेज है।

**अतिथि संपादक - कमलेश पांडे**

# उद्योग और श्रम विभाग के आपसी समन्वय से संवर रहा है छत्तीसगढ़


**छगन लाल लोन्हारे**
उप संचालक जनसम्पर्क



## उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर विशेष

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस स्पष्ट नीति के साथ श्रमिकों और उद्योगों के समन्वित विकास को प्राथमिकता दी है, वह आज ठोस परिणामों के रूप में सामने आ रही है। श्रम विभाग की योजनाओं में यह भावना स्पष्ट झलकती है कि श्रमिक केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि समाज की आधारशिला हैं। उनके जीवन में स्थायित्व, सम्मान और सुरक्षा लाना ही सच्चे विकास का संकेत है। 12 अप्रैल का यह विशेष अवसर उद्योग तथा श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के समर्पण, कार्यक्षमता और जनसेवा की भावना को याद करने का दिन है। आपके कुशल नेतृत्व से ही छत्तीसगढ़ प्रगति, समृद्धि और समान अवसरों का आदर्श राज्य बनकर उभरा है।

2026 रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ के विकास की वर्तमान यात्रा केवल योजनाओं और घोषणाओं की कहानी भर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे नेतृत्व की कथा है जिसने श्रमिक, युवा, उद्यमी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। इस परिवर्तनकारी दौर में उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनका कार्य केवल प्रशासनिक दक्षता तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का जीवंत उदाहरण है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 25 वर्ष की अल्प आयु में उद्योग के क्षेत्र में जो एक नया इतिहास रचने का संकल्प लिया है वह किसी से छिपा नहीं है। उद्योग के क्षेत्र में आज छत्तीसगढ़ की अपनी एक अलग पहचान है। नई उद्योग नीति (2024-2030) में छत्तीसगढ़ के समावेशी विकास पर जोर दिया गया है।



श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों में सबसे प्रेरणादायक पहल श्रमिकों के बच्चों को उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवर्तन का वह मार्ग है जिससे कि आने वाली नई पीढ़ी ज्ञान और अवसरों के माध्यम से अपना सुनहरा और सुरक्षित भविष्य स्वयं गढ़ सके। आज के संदर्भ में श्रमिक परिवारों के बच्चों का राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करना, एक नए छत्तीसगढ़ की तस्वीर प्रस्तुत करता है। इसके साथ ही मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करना सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें प्रतिभा का सम्मान सर्वोपरि है। यह न केवल उन बच्चों के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे श्रमिक समाज के लिए आत्मविश्वास का स्त्रोत भी है।

उद्योग और श्रम विभाग से आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले दो वर्षों में सैकड़ों करोड़ रुपये सीधे श्रमिकों के खातों में हस्तांतरित किए गए हैं, जिससे न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ भी सुनिश्चित हुआ है। प्रतिदिन हजारों श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलना इस बात का प्रमाण है कि शासन की नीतियां धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। श्रमिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिए आवास सहायता, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, दुर्घटना में त्वरित आर्थिक सहयोग जैसी पहलें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विशेष रूप से 'श्रम अन्न योजना' के अंतर्गत मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन। 'श्रम अन्न योजना' के अंतर्गत मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना, एक मानवीय और संवेदनशील शासन का परिचायक है।

औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के माध्यम से राज्य में निवेशको को प्रोत्साहित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। करोड़ों रुपये के निवेश प्रस्ताव, सैकड़ों नए उद्योगों की स्थापना और हजारों युवाओं को रोजगार मिलना इस नीति की सफलता को प्रमाणित करता है।

नवा रायपुर में देश का पहला एआई डाटा सेंटर स्थापित करने की दिशा में बढ़ता कदम, सेमीकंडक्टर और आईटी जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश, तथा स्टार्टअप नीति का क्रियान्वयन ये सभी पहलें छत्तीसगढ़ को पारंपरिक अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ाकर आधुनिक तकनीकी युग में स्थापित कर रही हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी नई दिशा देने वाला है। प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में ई-निविदा प्रणाली और सिंगल विंडो सिस्टम जैसे कदमों ने पारदर्शिता को बढ़ाया है जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है और राज्य में व्यापार करने की प्रक्रिया सरल बनी है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ आज निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है।

सामाजिक समावेशन को छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और दूरस्थ क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की योजनाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। सामाजिक समावेश नही किसी भी राज्य की वास्तविक प्रगति का आधार होता है।

उद्योग तथा श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने गंभीर व दूर-दृष्टि सोच एवं विभागीय दायित्वों के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि यदि नेतृत्व में संवेदनशीलता और स्पष्ट दृष्टि हो, तो विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाता है। वहीं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के मार्गदर्शन में यह परिवर्तन और अधिक सशक्त और व्यापक रूप ले रहा है।


# जनगणना 2027 के तहत जिले में स्व-गणना प्रक्रिया शुरू, कलेक्टर एवं एसएसपी ने किया ऑनलाइन पंजीयन

## डिजिटल जनगणना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिले में स्व-गणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन ) प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिकों को पहली बार ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी भरने की सुविधा दी गई है, जिससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी, सरल और तेज़ हो सके।





### कलेक्टर एवं एसएसपी द्वारा स्व-गणना का ऑनलाइन पंजीयन

स्व-गणना कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना स्व-गणना प्रपत्र भरा गया। इसी क्रम में एसएसपी रामकृष्ण साहू द्वारा भी स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण की गई। दोनों अधिकारियों की इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।

### स्व-गणना की ऑनलाइन सुविधा एवं प्रक्रिया

नागरिकों के लिए जनगणना संबंधी जानकारी भरने हेतु विशेष पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही स्व-गणना फॉर्म भरा जा सकता है यह सुविधा प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक को दिखाना आवश्यक होगा यदि कोई नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाता है, तो प्रगणक 1 से 30 मई 2026 के बीच घर-घर जाकर जानकारी संकलित करेंगे।

### जानकारी की गोपनीयता सुनिश्चित

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनगणना के दौरान दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे बिना किसी झिझक के सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करें।

### प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य

जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान— प्रगणक घर-घर जाकर डिजिटल मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संग्रह करेंगे स्व-गणना में भरी गई जानकारी का सत्यापन किया जाएगा पर्यवेक्षकों एवं चार्ज अधिकारियों द्वारा बहुस्तरीय जांच एवं पुनः सत्यापन किया जाएगा

### डिजिटल प्रणाली से सटीक जनगणना का लक्ष्य

इस पूरी प्रक्रिया में डिजिटल तकनीक का उपयोग कर सटीक एवं विश्वसनीय डेटा संग्रह सुनिश्चित किया जा रहा है। मोबाइल एप आधारित एंट्री और फील्ड सत्यापन के माध्यम से त्रुटिरहित जनगणना का लक्ष्य रखा गया है।

### नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्व-गणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और सही जानकारी प्रदान कर देश की विकास योजनाओं को मजबूत आधार देने में सहयोग करें।

# कमजोर आवक के बावजुद धान व उन्हारी के भाव में तेजी का माहौल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी में मांग के अनुरूप धान की आवक कमजोर होने से पोहा मिल व राईस मिल संचालक परेशान है। आवक कमजोर होने के बावजुद मंडी प्रांगण में धान व उन्हारी जिन्स के भाव भरपुर तेजी का रूख लिये हुए है जिसमें विष्णु ज़ेग धान 8625 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर किसानों ने बेचा । वही श्रीराम धान भी 3271 रूपये प्रति क्विंटल के ऊचे भाव पर बेचा गया। इसी प्रकार एचएमटी धान 2450 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका । महामाया पुराना धान 2725 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वहीं महामाया नया धान भी 2546 रूपये प्रति क्विंटल के संतोष जनकभाव में बेचा गया। मोटा रगजा धान 2256 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया। प्रांगण में उन्हारी जिन्सो की भी आवक हुई जिसमें गेंहू 2300 रूपयें प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया। बटरी 3200 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका



। राहर को अच्छा भाव मिला और वह 7326 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव में बिका । चना को अपेक्षा के अनुरूप भाव नही मिल पाया और वह 5180 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका। इसी प्रकार सरसों को भी अच्छा भाव प्राप्त हुआ और वह 5815 रूपये प्रति क्विंटल के अच्छे भाव में बिक गया इस तरह भाटापारा मंडी में कमजोर आवक के बावजुद धान व उन्हारी के भाव में भारी ऊछाल देखा गया।

# यादव समाज के अध्यक्ष के विरूद्ध ज्ञापन सौंपा जायेगा - एमएल यादव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** समाज विकास के नाम पर लोगों से भारीभरकम अवैध वसूली करने वालो के खिलाफ महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौपे जायेंगे उक्ताशय के विचार एमएल यादव ने व्यक्त किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज एक पंजीकृत संस्था है । जिसके प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव हैं, इनके द्वारा असंवैधानिक संविधान बनाकर समाज के लोगों से लम्बे समय से अवैध वसूली करते आ रहे हैं। तलाक होने पर तीस हजार रुपये एवं अंतरजातीय विवाह पर एक एक लाख रुपये तक वसूले जाते हैं जगनिक यादव ने अभी पांचवीं बार चुनाव जीत हासिल किया है ,और आजीवन प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंग क्योंकि हर चुनाव में फजीर्वाड़ा कर जीत हासिल करते हैं। विगत 12



अप्रेल को हुए चुनाव में भी बड़ेपैमाने पर धांधली किया गया है। मतदाता सूची से अपने सैकड़ों विरोधी मतदाताओं के नाम काट दिये गये,वहीं मतदाता सूची में नाम नहीं होने के बाद भी उनसे मतदान करवाये गये । 15- 20 वर्षों पूर्व मृत ब्यक्तियो का नाम मतदाता सूची में है जिन्हें जोड़ रखें गये हैं जिससे उम्मीदवार सही मतदाताओं क ा आंकलन नही कर पाते। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद भी नाम जोड़ दिये जाते हैं जिसका विपक्षी उम्मीदवार को पता ही नहीं चलता । इसके बाद भी कई क्षेत्रों के लोगों ने इन्हें एक सिरे से नकार दिये हैं मुंगेली, बेरला, बेमेतरा एवं अभनपुर से बुरी तरह हारे हैं। रायगढ़ जिला अध्यक्ष द्वारा जारी नियमावली पम्पलेट में तीस हजार से लेकर एक लाख रुपये तक राशि लिये जाने सम्बधी जानकारी मिली है जिसका छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज श्री कृष्ण पेनल कड़ा विरोध करते हैं। एमएल यादव ने उपरोक्त संबंध में राज्यपाल को कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपने की बात कही है।

# पालिका अध्यक्ष ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर व्यापारियों की बैठक ली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी को लेकर पालिका में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सैकड़ो फुटकर व्यापारी उपस्थित हुए । उक्त बैठक में उपस्थित व्यापारियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता व्यवस्था में जनभागीदारी बढ़ाने के साथ सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए नगर क ो स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया गया साथ ही व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों के बाहर अनिवार्य रूप से कुड़ादान रखे तथा समस्त कचरा उसी में एकत्रित करें । सड़क या सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नही फेंकने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। व्यापरियों के सुझाव को भी पालिका अध्यक्ष ने सुनते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए व्यवसायी आगे आकर सहयोग करें। उन्होंने नगर को स्वच्छ बनाने की अपील की है। उक्त बैठक में पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजुद थें।



# लालसोट महिला समाज ने परशुराम जयंती के पूर्व अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** लालसोट महिला मंडल द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं बच्चों व बड़ों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता रखी गई । ये दो दिवसीय कार्यक्रम लालसोट महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमति नेहा अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में किया गया। महिलाओं के लिए दादी – पोता/पोती शो रखा गया। इस डांस प्रतियोगिता की जज श्रीमति स्मृति वरठी रही। जिसमें प्रथम स्थान पर अनन्या शर्मा द्वितीय स्थान सुमान्या शर्मा एवं तृतीय स्थान पर चेतना शर्मा रही। तथा 10 वर्ष से 15 वर्ष के तक फ्री स्टाइल में प्रथम पर स्थान आराध्या पुरोहित, द्वितीय स्थान रोली शर्मा ,एवं तृतीय स्थान पर लसीका पुरोहित रही । लड़कियों के डांस रेट्रो थीम में प्रथम स्थान पर राशि शर्मा द्वितीय स्थान नैन्सी शर्मा एवं तृतीय स्थान पर विद्या शर्मा रही। महिलाओं के डांस प्रॉप में प्रथम स्थान पर श्रीमति साक्षी जोशी द्वितीय स्थान श्रीमति रानू शर्मा एवं तृतीय स्थान पर श्रीमति उमा सेवाका व श्रीमति पलक शर्मा रही । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष श्रीमति नेहा अश्वनी शर्मा ने सभी को बधाई एवं धन्यवाद दिया। एवं इस आयोजन का संचालन श्रीमती प्रियंका शर्मा ने किया । उक्त अवसर पर अनन्या शर्मा, शिवाय जोशी , श्रुति जोशी ,आरोही शर्मा , चेतना शर्मा ,लसीका पुरोहित, यशस्वी शर्मा , देविका शर्मा ,चेतना शर्मा, आराध्या पुरोहित, रोली शर्मा , राशि शर्मा , नैन्सी शर्मा , विद्या शर्मा , साक्षी जोशी , रानू शर्मा, उमा सेवाका ,पलक शर्मा , नेहा अश्वनी शर्मा , प्रियंका शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# दावनबोड़ में पोषण पखवाड़ा संपन्न

**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड़ में जिला पंचायत सभापति दीप्ति गोविन्द वर्मा स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सुपोषण चौपाल एवं यह कार्यक्रम सेक्टर सुपरवाइजर पुरुषोत्तम पाटले के मार्गदर्शन में हुआ ।कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को ध्यान में रखते हुए । दो महिलाओं के गर्भवती गोदभराई कराया गया इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति दीप्ति गोविन्द वर्मा जनपद सदस्य सीता शशी कांत ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता वर्मा उतरा वर्मा साहिका शांता ध्रुव कांति साहू अन्य महिला की महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम में मितानीन कालेंद्री वर्मा, रामेश्वरी वर्मा, रेखा, रामबाई ,उर्मिला ,पुत्री ,लीलमती ,लक्ष्मण कुमार वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, धनुष वर्मा उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

# भाटापारा पालिका के प्रभारी सीएमओ बनाये गये शिवकुमार

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बड़ी व सबसे पुरानी नगर पालिका में रिक्त नगर पालिका अधिकारी के पद पर रायगढ़ नगर निगम के राजस्व निरीक्षक शिवकुमार यादव को भाटापारा का प्रभारी नगर पालिका अधिकारी नियुक्त किया गया है। पालिका में पूर्व पदस्थ पालिका अधिकारी जफर खान को एक प्रकरण में राज्य शासन द्वारा निलंबित किये जाने के बाद से पद रिक्त था व उनके स्थान पर अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज अब तक पालिका का कार्य देख रही थी। जिसपर राज्य शासन ने अब नयी नियुक्ति करते हुए शिवकुमार यादव को भाटापारा का प्रभारी सीएमओ नियुक्त किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तत्काल प्रभाव से अधिकारी को प्रभार लेने कहा है

# अश्वनी शर्मा ने मेघावी छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत किया



**भाटापारा।** आदिगौड़ ब्राम्हण समाज द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कुंदन भवन में प्रतिभावान छात्र – छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मेघावी छात्र – छात्राओं को पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार प्रदान किया गया उक्त अवसर पर मुरली ओझा , प्रमेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं , बालिकाएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

**62 आवेदनों पर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश**

**बेमेतरा।** जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज सोमवार को कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के द्वारा कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर एवं दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर कई प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया।

# तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया अश्वनी शर्मा ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड में प्रस्तावित पटपर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया उक्त तालाब के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव द्वारा पूर्व में एक करोड़ रूपयें राशि की स्वीकृति दी गई है। नपा. अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा का समग्र विकास मेरी पहली प्राथमिकता है साथ ही अंडर ब्रिज , मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबुत बनाना एवं पटपर तालाब को एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना प्राथमिकता में रखी गई है। आधुनिक पाथवे निर्माण जो टेंडर प्रक्रिया के तहत प्रक्रियाधिन है अंडर ब्रिज का काम जल्द होगा मुक्तिधाम हेतु भी राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त अवसर पर आनंद यादव, आमप्रकाश रात्रे, सतीश तलरेजा , नरेन्द्र यदु, मोंटु ध्रुव ,भुवन



ठाकुर , प्रकाश ठाकुर , किर्तन जयसवाल , सतीश साहू, राजेश साहू, संजय बंजारे ,सुनील यदु , योगेश अनंत , धनेश माधवानी , अविनाश शर्मा , सजीवन साव , मनिराम साहू, फिरतु साहू, धनेश माधवानी, दुकलहीन ध्रुव , बलिराम जांगड़ें , प्रदीप बंजारे , घस्सी ध्रुव , हरि ध्रुव , अशोक साहू, सुनील तिवारी, निरा साहू, आनंद साहू, मीना सोनी , दीपक जांगड़े , सुरेश यदु, चन्द्रकला साय , उत्तम साहू, सुरेश यदु, सुरेन्द्र डागोर , पियुष साहू, खिलावन साहू, सावित्री साहू, पद्यमा साहू, दुखुराम साहू, शिव साहू ,अश्वनी ध्रुव], मोहित ध्रुव , सैलेश पांडेय , चुंमन ध्रुव , राज टंडन , किसन जांगड़े ,दिलीप छाबड़िया , बाल गोविंद पटेल, मोहन बांधे , कुंजराम कोशले, मनीष मिश्रा , बंटी टंडन सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त अवसर पर अश्वनी शर्मा ने कहा कि पटपर तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ साथ अन्य विकास के कार्य प्रस्तावित है जिसमें हटरी बाजार रेलवे अंडर ब्रिज में शीघ्र कार्य प्रारंभ कर सुगम यातायात को आगे बढ़ाया जायेगा साथ ही पटपर नहर के दोनो किनारों पर पाथवे निर्माण का कार्य भी किया जायेगा। पालिका अध्यक्ष ने पटपर में सतनामी समाज के मुक्ति धाम तथा हिंदु समाज के मुक्तिधाम में शेड निर्माण हेतु अपनी अध्यक्ष निधि से पांच - पांच लाख रूपये देने की घोषणा की।

# पालिका अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक



**भाटापारा।** स्थानीय नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने राजस्व वसुली जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक लेकर राजस्व वसुली की समीक्ष की साथ ही उन्होंने गर्मी में जल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश कर्मचारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सभी अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हिन करके विशेष अभियान चलाते हुए अवैध नल कनेक्शन को वैध करने की प्रक्रिया को तेज करने कहा

# दुर्ग-शालीमार के बीच समर स्पेशल ट्रेन भाटापारा रूकेगी



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत संचालित विभिन्न यात्री ट्रेनो में यात्रियों की भारी भीड़ तथा ग्रीष्म अवकाश के लिए दुर दराज की यात्रा करने वाले यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों को कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग - शालीमार दुर्ग के मध्य एक - एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08745 दुर्ग - शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल को चलेगी इसी प्रकार ट्रेन संख्या 08746 शालीमार दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 अप्रैल को चलेगी।

उक्त ट्रेन दुर्ग के बाद रायपुर भाटापारा , बिलासपुर , चांपा , रायगढ़ स्टेशनों में रूकते हुए शालीमार जायेगी। ट्रेन संख्या 08745 दुर्ग - शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल दिन बुधवार को 21¬45 बजे छुटेगी तथा 23 = 20 बजे भाटापारा आयेगी। इसके पश्चात उक्त ट्रेन बिलासपुर, चांपा , रायगढ़ , झारसुगड़ा , राउरकेला, चक्रधरपुर , टाटा नगर , खड़गपुर , सांतरागाछी, होते हुए शालीमार स्टेशन पहुंचेगी इसी तरह वापसी में 08746 शालीमार - दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल दिन गुरूवार को 17¬45 बजे शालीमार से रवाना होगी और 8 बजकर 14 मिनट पर भाटापारा आयेगी। उक्त ट्रेन में 02 एसएलआरडी ,04 जनरल बोगी , 10 स्लीपर , 02 एसी 3 सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 309.62 लाख रूपये स्वीकृत



**भाटापारा।** क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से भाटापारा नगर पालिका को विकास कार्य के लिए विभिन्न मदो में 309.62 लाख रूपयें की सौगात मिली है। शिवरतन शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के सतत प्रयासों के जरिये शहर के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में आगे कार्य किये जायेंगे जिसके तहत शहर की बढ़ती जनसंख्या और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 7.50 लाख लीटर क्षमता वाली आर.सी.सी. पानी टंकी 15 मीटर ऊँचाई का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह लगभग 152.25 लाख रुपये की राशि से स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा जिसके तहत नगर के सभी 31 वार्डों में मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा जिससे शहर की सुंदरता और स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसी तरह 100 लाख रुपये से ह्वावेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण किया जायेगा जिससे शहर में पर्यटन एवं नागरिकों के मनोरंजन को बढ़ावा मिलेगा । इसी प्रकार 37.45 लाख रुपये की लागत से एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु ट्रोमेल स्क्रीनिंग मशीन स्थापित की जाएगी।

# शक्ति वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**भाटापारा।** स्थानीय शक्ति वार्ड में स्वर्गीय दीपक राठौर की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है उक्त आयोजन में ठेंगाभाठ से आये कथा वाचक संजय तिवारी लोगो को कथा का रसपान करा रहे है। इस अवसर पर कथा वाचन के कहा कि रामायण भक्ति का मार्ग है वहीं श्रीमद् भागवत ज्ञान का मार्ग है। कलयुग में केवल नाम मात्र से भगवान को पाया जा सकता है इसलिए कहा गया है कि कलयुग केवल नाम अधारा। पंडित तिवारी ने आगे कहा कि भगवान का नाम हर समय स्मरण करना चाहिए जिससे की लोगो को मोक्ष की प्राप्ति हो सके। उपरोक्त कथा का सारांश राजेश यादव ने दी है।

## सोनार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शंकरलाल



**भाटापारा।** प्रदेश कन्नौजिया सोनार समाज के नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है जिसमें सुभाष वार्ड भाटापारा के शंकर लाल सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया । शंकर को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर लक्ष्मी नारायण सोनी , संतोष सोनी , खेमलाल सोनी, विनोद सोनी , ललित तिवारी , मुकेश शर्मा , उत्तम सोनी ,संजय तिवारी , श्यामरतन पुरोहित सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है।

# लावर में सीसी रोड व प्रार्थना शेड का भूमि पूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम लावर में डी एम एफ फंड से दस लाख रूपयें की राशि से सी सी रोड एवं शिक्षा मद से प्राप्त लघु निर्माण प्रार्थना शेड दस लाख की सौगात देते हुए भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। उक्त कार्य के लिए शिवरतन शर्मा के नेतृत्व एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के मार्गदर्शन में गांव का विकास हो रहा है। उक्त कार्य स्वीकृति पर दीप्ती गोविंद वर्मा ने शर्मा व वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है। इस दौरान सरपंच योगेश नेताम , उपसरपंच तथा पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोगिया में मारपीट के आरोपी पकड़े गये

**भाटापारा।** निकटवर्ती गांव गोगिया में घर के भीतर प्रवेश करके लाठी डंडे से मारपीट करने वाले दो ग्रामीणो को पुलिस ने पकड़ा है उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोगिया निवासी मांगेलाल गेन्ड्रे के साथ गांव के ही रामखिलावन गेन्ड्रे एवं रजनीकांत गेन्ड्रे द्वारा बेजा कब्जा हटाये जाने की बात को लेकर उसके व उसके पिता के साथ जमकर मारपीट की गई मारपीट के दौरान लाठी डंडे का भी प्रयोग करते हुए मांगेलाल गेन्ड्रे व उनके पिता को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाई गई । घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने रामखिलावन व रजनीकांत के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### महिला समुह ने मनाया अंबेडकर जयंती



**भाटापारा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जगह जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें रमाई महिला स्व सहायता समुह की ओर से गुरूनानक वार्ड अंबेडकर चौंक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अंबेडकर के कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। उपरोक्त अवसर पर प्रमोद ऋषि , कविता ऋषि , कविता बागड़े , बिंदु बंसोड़, बबिता मड़ामे, निर्मला मेश्राम , रंजीता मेश्राम , महेन्द्र साव सहित अन्य लोग बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

### अविनाश शर्मा ने अंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण किया



**भाटापारा।** भारत के संविधान निर्माता ज्ञान के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर युवा भाजपा नेता अविनाश शर्मा ने अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर अविनाश शर्मा ने कहा कि बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलकर हमें समानता , न्याय व समाज के हर एक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करना है इस बात का सभी संकल्प ले । उपरोक्त अवसर पर बड़ी तादाद में भाजपा के कार्यकर्ता अनेक पदाधिकारी मौजुद थे।

### भाजपा कार्यालय में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय स्वर्गीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि जातिवाद और अन्याय के अंधकार को चिरकर नये भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में डॉ. भीमराव अंबेडकर का अतुलनीय योगदान रहा है उनके विचारों , संघर्षो और समतामुलक समाज निर्माण के दिशा में आगे बढने के उनके संदेश को आगे बढ़ाने का अवसर है जिसपर हमे काम करना है उपरोक्त अवसर पर राकेश तिवारी सनील गोलु यदु, दिलीप छाबड़िया , महाबलदास बघेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य लोग मौजुद थे।

# शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल पर मरम्मत कार्य के चलते यातायात अवरूद्ध रहेगा , लोगों को अब नांदघाट की ओर से आवा जाही करना होगा




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा - बिलासपुर मार्ग पर शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पर स्थित लगभग 55 वर्ष पुराने जर्जर पुल को मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 1 माह की अवधि के लिए यातायात को अवरूद्ध रखा जायेगा इसके लिए विभाग की ओर से अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय को सूचना प्रस्तुत किया गया है व यातायात बंद रखने के लिए अनुमति की मांग की गई है। यह विदित रहे कि भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर शहर से 7 किलोमीटर दुर शिवनाथ नदी पर लगभग सन् 1971 में अविभाजित मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्यामा चरण शुक्ला के कार्यकाल में सेमरिया घाट पर पुल निर्माण किया गया था उक्त 55 वर्ष पुराना पुल अक्सर बरसात में जलमग्न होकर डुब जाता है और कई कई दिनों तक भाटापारा का सड़क संपर्क बिलासपुर , नारायणपुर , बैतलपुर , सरगांव , पथरिया , मारो ,पुटपुरा, चक्र वाये , चिचोली सहित असंख्य गांव व कस्बो से टुट जाता है बार बार की आपदा से निजात पाने के लिए राज्य शासन द्वारा पिछले बजट में सेमरिया घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की घोषणा की गई है लेकिन बजट राशि की वित्तीय स्वीकृति नही मिलने के कारण सेमरिया घाट पर नये पुल निर्माण फिलहाल संभव नही हो पाया है। इस बीच भाटापारा से नारायणपुर ,चंदखुरी लगभग 12 किलोमीटर मार्ग के नवनिर्माण के लिए 10 करोड़ के कार्य आदेश जारी कर दिये गये है जिसमें मौजुदा सेमरिया घाट पुल को यातायात योग्य बनाने के लिए उसकी मरम्मत का कार्य किया जाना है। इसी सिलसिले में तमाम हैवी वाहन , कैप्शुल वाहन सहित अन्य बड़े वाहन का आवागमन सेमरिया घाट पुल पर प्रतिबंधित रहेगा । फलस्वरूप लोगो को व भारी वाहनों को घुमकर लिमतरा, नांदघाट उच्च स्तरीय पुल के रास्त ेसे आना जाना करना होगा जिसमें तमाम वाहन अब बिलासपुर ,सरगांव ,पथरिया ,बैतलपुर , नारायणपुर , की ओर जाने वाले नांदघाट के रास्ते से घुमकर लगभग 1 महीने तक आवा जाही करेंगे।

# जनदर्शन बना सहारा- दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

बेमेतरा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम एक बार फिर जरूरतमंद के जीवन में उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। इस बार तहसील बेमेतरा के ग्राम मोहभट्ठा वार्ड क्रमांक 17 निवासी दिव्यांग युवक कुमार गिरी गोस्वामी के जीवन में खुशियों की नई राह खुल गई।



लंबे समय से शारीरिक दिव्यांगता से जूझ रहे कुमार गिरी रोजमर्रा के कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर थे। आत्मनिर्भर बनने की इच्छा लिए वे जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे और कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के समक्ष अपनी समस्या रखी। उन्होंने ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का आवेदन दिया।

कलेक्टर ने उनकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संवेदनशील निर्णय लिया और मौके पर ही ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। जैसे ही ट्राई साइकिल उन्हें सौंपी गई, उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। भावुक होकर उन्होंने जिला प्रशासन का आभार जताया और कहा कि अब वे अपने कार्य स्वयं कर सकेंगे और स्वतंत्र जीवन जी पाएंगे। यह पहल न केवल एक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लेकर आई, बल्कि यह भी दर्शाती है कि प्रशासनिक संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

इसी जनदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें भूमि विवाद, प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े आवेदन शामिल थे। कलेक्टर द्वारा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए गए।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं पत्रिका लेखन कार्यक्रम में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना शामिल हुए





ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** नवकार नगर, लालपुर (रायपुर) में आयोजित नवकार प्रेमोत्सव, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं पत्रिका लेखन कार्यक्रम में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का लाभ लिया। इस पावन महोत्सव में खरतरगच्छ के वर्तमान पट्टधर प.पू. आचार्य श्री जिनपीयूषसागरसूरी जी म.सा. के शिष्यरत्न, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं स्वाध्याय रसिक प.पू. मुनि श्री सम्यकरत्नसागर जी म.सा. के सानिध्य का विशेष लाभ प्राप्त हुआ। उनके प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, साधना एवं आत्मिक उन्नति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम में केवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका, आगमज्ञ प्रवर्तिनी एच.एच. श्री निपुणश्रीजी म.सा., पं. एच.एच. मंजुला श्रीजी म.सा. एवं जिनालय प्रेरणादाता पं. एच.एच. स्नेहयशा श्रीजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे आयोजन और अधिक गरिमामय हो गया। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने इस दिव्य अवसर को आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे परिसर में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण व्याप्त रहा।

## रात का सूरज

आज रात हमने सपना देखा
हम मर गए जग छूट गया
अपनी ही शव यात्रा देखी
मन भीतर से टूट गया।।
कोई हमें अच्छा बतलाये
कोई कहे अहंकारी था
कोई वैद्य बता रहा था हमको
कोई कहे बिमारी था।
बड़े बड़े विचार सुने जब
भ्रम गुब्बारा फूट गया।।
अपनी ही शव यात्रा देखी
मन भीतर से टूट गया।।
कोई कहे था देव प्राणी
कोई कहे था ग्यानी ध्यानी
कोई कहे था घोर घमंडी
कोई कहे था मूर्ख अग्यानी
जग की रीत है बड़ी निराली
मान सम्मान सब छूट गया।
अपनी ही शव यात्रा देखी
मन भीतर से टूट गया।।
कोई चुगली खाता रोज मेरी
कोई रोज दुआएं देता था
मै रोज हंसाता था सबको
बदले में आशिष लेता था
हृदय में चोट लगी थी गहरी
क्यों भाग्य किसी का रूठ गया।
अपनी ही शव यात्रा देखी
मन भीतर से टूट गया।।
कोई हृदय मन से बहुत दुखी था
कोई जिंदा देख देता था गाली
कोई आंसू आंख से बहा रहा था
कोई मन में पीट रहा था ताली
शव वाहन में रखा जब मुझको
झटके से सपना टूट गया।
अपनी ही शव यात्रा देखी
मेरा दीन ईमान कोई लूट गया।।
**जै जै श्री राम**
**सत्यनारायण मित्तल रायपुर**

# अक्षय तृतीया पर सेवा की मिसाल- अग्रवाल महिला मंडल ने राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत

ब्यूरो चीफ, अनिल सिंघानिया





**थान खमरिया।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल द्वारा भीषण गर्मी के बीच भारत माता चौक में शरबत एवं लस्सी का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत हजारों राहगीरों को शीतल पेय पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। तीज-त्योहारों के अवसर पर सेवा कार्य करना मंडल की विशेष पहचान बन चुकी है।

इस अवसर पर श्रीमती निका सिंघानिया एवं श्वेता मुरारका ने बताया कि अक्षय तृतीया के पावन दिन पर मंडल की सभी बहनों के मन में यह विचार आया कि राहगीरों के लिए शरबत वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना अत्यंत पुण्य का कार्य माना जाता है, इसी भावना के साथ यह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। भीषण गर्मी में इस पहल ने न केवल लोगों को राहत दी, बल्कि सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया।



इस अवसर पर श्रीमती नेहा केडिया, रीना सिंघानिया, श्वेता मुरारका, एकता मुरारका, निका सिंघानिया, राखी बंसल, सोनल बंसल, किरण बिंदल, अर्चना शर्मा, दीपिका बिंदल, आरती अग्रवाल, प्रियंका बंसल, श्रद्धा सिंघानिया, दीक्षा केडिया, सीमा बंसल, आर्या केडिया, पीहू अग्रवाल, मुदिता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

वहीं अग्रवाल मंडल के साथियों के रूप में प्रमोद सिंघानिया, पवन मुरारका एवं मिंटू शर्मा ने भी सहयोग प्रदान किया।

# क्रिएटर्स दिखाएं बदलते छत्तीसगढ़ की नई पहचान-मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग में देशभर से आए कंटेंट क्रिएटर्स का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आस्था, संस्कृति और प्रकृति का संगम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या के मायके के रूप में जानी जाती है। वनवास के 14 वर्षों में से अधिकांश समय भगवान श्रीराम ने यहीं व्यतीत किया, जिसके प्रमाण आज भी प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर मिलते हैं। उन्होंने माता शबरी की भक्ति, दंडकारण्य और अबूझमाड़ जैसे ऐतिहासिक-आध्यात्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने संत गुरु घासीदास जी के "मनखे-मनखे एक समान" के संदेश को याद करते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा की यह परंपरा आज भी प्रदेश की आत्मा में समाहित है। श्री साय ने कहा कि कभी नक्सलवाद से प्रभावित रहा छत्तीसगढ़ आज तेजी से बदल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले जहां प्रदेश का बड़ा हिस्सा नक्सल प्रभावित था, वहीं अब विकास की मुख्यधारा गांव-गांव तक पहुंच रही है।




### यूनेस्को द्वारा बस्तर के धुड़मारास गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल

*मुख्यमंत्री ने बस्तर संभाग को प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां के जलप्रपात, घने वन, संस्कृति और जनजातीय जीवन देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूनेस्को द्वारा बस्तर के धुड़मारास गांव को विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल किया जाना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स से आग्रह किया कि वे अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए बस्तर और छत्तीसगढ़ की सकारात्मक छवि देश-दुनिया तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा बस्तर के दिव्यांग बालक मड्डा राम का वीडियो वायरल होने पर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा उन्हें क्रिकेट किट भेजी गई-यह सोशल मीडिया की ताकत का प्रमाण है।*

### परिवर्तन को और आगे बढ़ाने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने क्रिएटर्स से इस परिवर्तन को और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि नक्सलवाद की छाया से बाहर निकलकर उभरता नया छत्तीसगढ़ आज देश के सामने एक सकारात्मक और प्रेरक उदाहरण के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र को कभी केवल संघर्ष और चुनौतियों के संदर्भ में देखा जाता था, वही आज विकास, शांति और संभावनाओं की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कंटेंट क्रि एटर्स से अपील करते हुए कहा कि वे पूर्वाग्रहों से परे जाकर छत्तीसगढ़ को समझें और यहां हो रहे वास्तविक परिवर्तन, जनजीवन में आए सकारात्मक बदलाव, सांस्कृतिक समृद्धि और विकास की नई गति को अपने मंचों के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाएं।

# टिकाऊ खेती से महंगे उर्वरकों की आपूर्ति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा/** रासायनिक उर्वरकों की उभरती चुनौती को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक पोषक स्त्रोतों को अपनाते हुए टिकाऊ खेती करनी चाहिए।

गौ आधारित टिकाऊ कृषि कर किसान विषाक्त होता भोजन, जलवायु परिवर्तन के संकट, भूमि और जल प्रदूषण को दूर करते हुए किसानों को इस ओर पहल करनी चाहिए। सिद्ध श्री शीतला पर्यावरण सेवा समिति के अध्यक्ष रविन्द्र गिन्नौरे ने मंहगी होती खेती किसानी के खर्चे कम करने के लिए समन्वित जैविक खेती तकनीक अपनाने का आह्वान किया है। रसायनिक खाद के अभाव में हरित खाद, नील-हरित शैवाल एवम जैव उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है इसके उपयोग से पचास प्रतिशत रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति होती है। नाडेप खाद, वर्मी कल्चर और जैविक खाद डालकर फसलों के लिए ज़रुरी एनपीके की आपूर्ति कर फसलों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी की जा सकती है। वैकल्पिक पोषक स्रोतों से फसलों की पोषक आवश्यकता का लगभग 50 फीसदी आपूर्ति कम खर्च पर कर सकते हैं।

रासायनिक खादों की निर्भरता कम करने जैविक खाद, उर्वरक का उपयोग कर किसान खेत की मृदा स्वास्थ्य सुधार करते हुए अनमोल जैव विविधता संपदा में वृद्धि कर सकतें हैं। किसान प्राकृतिक कीटनाशक बनाकर जहरीली होती फ़सल को बेहतर बना सकते हैं।

प्राकृतिक, गौ आधारित, जैविक खेती किसानी ही भविष्य की खेती किसानी होगी। किसानों को अपने खेतों की मिट्टी, भू-जल को विषाक्त होने से बचाव के लिए जैविक खाद और जैविक कीटनाशक को अपनाया जाना चाहिए। खेती किसानी में अधिक से अधिक जैविक खाद, कीटनाशक के उपयोग से किसान फैलते प्रदूषण पर नियंत्रण के साथ जलवायु परिवर्तन के संकटों से बचाव कर सकते हैं। टिकाऊ खेती तकनीक से उत्पादित फ़सल की बेहतर गुणवत्ता वाली होती है जिसकी बाजार में अत्यधिक मांग भी है। इसे अपनाकर किसान अपने साथ अपनी पीढ़ी को निरोगी बनाने की ओर अग्रसर होंगे।

## कॉल पर 10 मिनट में पहुंचेगी पुलिस, 10 बाइक पेट्रोलिंग टीम बनीं



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने पुलिस ने तैयारी की है। जाम मुक्त शहर के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल आने शुरू हो गए हैं। शनिवार को ही लें तो हेल्पलाइन नंबर पर दो कॉल मोवा बाजार से आए, जहां पुलिस की टीम 5 मिनट के भीतर पहुंची और ट्रैफिक क्लियर कराया। इसी तरह मालवीय रोड, तेलीबांधा समेत अन्य इलाकों से भी कॉल आए। जाम से राहत देने के लिए पुलिस कमिश्नर ने 10 बाइक पेट्रोलिंग टीम बनाई है। ट्रैफिक के सभी थानों में टीम तैनात की गई है। यह टीम सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक अपने-अपने इलाके में गश्त करेगी। जहां भी जाम की सूचना मिलेगी, वहां 10 मिनट के भीतर पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। जहां टीम नहीं पहुंच पाएगी, वहां संबंधित थाने से पुलिस भेजी जाएगी, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिल सके। वहीं ट्रैफिक पर लगाम के लिए 10 बाइक पेट्रोलिंग टीम भी बनाई गई है। जिसको वीआईपी ड्यूटी से छूट, सिर्फ जाम वाले स्थान पर तैनाती जाम से राहत के लिए बनाई गई बाइक पेट्रोलिंग टीम को अन्य ड्यूटी से मुक्त रखा गया है। इन्हें वीआईपी मूवमेंट, अतिक्रमण हटाओ अभियान या चालानी कार्रवाई में नहीं लगाया जाएगा। इनका काम सिर्फ जाम वाले स्थानों पर पहुंचकर ट्रैफिक सामान्य करना होगा। यह टीम आईटीएमएस कंट्रोल रूम से सीधे संपर्क में रहेगी और निर्देश मिलते ही मौके पर पहुंचेगी।

# नहीं रहीं मशहूर गायिका आशा भोसले 92 वर्ष की आयु में निधन

*मशहूर गायिका आशा भोसले हमारे बीच नहीं रहीं। 92 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। करीब सात दशक तक सिनेमाई दुनिया में अपनी सुरीली आवाज का जादू चलाने वाली गायिका को कल शनिवार को तबीयत खराब होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में उनका उपचार चल रहा था। दुनियाभर के फैंस दुआएं कर रहे थे। मगर, रविवार को गायिका ने दुनिया को अलविदा कह दिया। अमर उजाला से बातचीत में आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने इस खबर की पुष्टि की है। बीते दिन शनिवार को आशा भोसले के तबीयत बिगड़ने की खबर आई।*



गायिका की पोती जनाई भोसले ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उनका हेल्थ अपडेट साझा करते हुए लिखा था, 'अत्यधिक थकावट और सीने में संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी निजता का सम्मान करें। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा'। गायिका की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल के बाहर फैंस की भीड़ जमा होने लगी। साथ ही आशा भोसले के आवास के बाहर भी लोग एकत्र होने लगे। सभी को आस थी कि गायिका स्वस्थ होकर लौटेंगी, मगर फैंस की यह उम्मीद टूट गई। आशा भोसले का अंतिम संस्कार कल सोमवार को होगा। गायिका का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे लोअर परेल में उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। शाम 4 बजे दादर के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। यही वही जगह है, जहां उनकी बहन लता मंगेशकर का भी अंतिम संस्कार हुआ था। 8 सितंबर 1933 को आशा भोसले का जन्म एक संगीत से जुड़े परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक एक्टर और क्लासिकल सिंगर थे। आशा भोसले स्वर कोकिला लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले जब नौ साल की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी फैमिली पुणे से कोल्हापुर और बाद में मुंबई आ गई। बड़ी बहन लता मंगेशकर के पदचिन्हों पर चलते हुए




वह भी संगीत की दुनिया में आईं। आशा भोसले ने पहला गीत मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में 'चला चला नाव वाला' गाया था। जबकि बॉलीवुड में उनका पहला गाना 'चुनरिया (1948)' फिल्म में 'सावन आया' था। यहां से शुरू हुआ संगीत और गीतों का सफर पांच दशक से ज्यादा समय तक चला और आशा भोसले देखते-देखते भारतीय संगीत की दिग्गजों में शामिल हो गईं। आशा भोसले ने अपना पहला गाना मराठी फिल्म 'माझा बल' (1943) में गाया था। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म 'चुनरिया' (1948) में 'सावन आया' गाना गाया। उन्होंने सिर्फ गायन ही नहीं, अभिनय में भी हाथ आजमाय- 2013 में, आशा भोसले ने 'माई' नामक एक मराठी फिल्म में काम किया। आशा भोसले न केवल गायन की प्रतिभा की धनी हैं, बल्कि एक बेहतरीन कुक भी हैं। दुबई और कुवैत के कई रेस्तरां उनके नाम पर हैं। हिंदी के अलावा, उन्होंने कुल 20 भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गाए हैं। 2006 में, आशा भोसले ने खुद बताया था कि उन्होंने 12,000 गाने गाए हैं। आशा भोसले ने बॉलीवुड के कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया है। इस सूची में शंकर-जयकिशन, सचिन देव बर्मन, आर.डी. बर्मन, ओ.पी. नैयर, इलैयाराजा, बप्पी लाहिड़ी और ए.आर. रहमान जैसे नाम शामिल हैं।

# समाज में न्याय और समानता की प्रेरणा देता रहेगा बाबा साहेब का जीवन -मुख्यमंत्री

## रायपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का भव्य अनावरण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के सामने स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर चौक में उनकी 21 फीट ऊंची पंचधातु से निर्मित भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।







इस अवसर पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के नेतृत्व और उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान ने वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाया है। उनके विचार आज भी समाज को न्याय और समानता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति की मांग पर मंगल भवन, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों के लिए 60 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह राशि स्थानीय स्तर पर सामाजिक गतिविधियों और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान किया है। इसी कारण आज समाज के सभी वर्गों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी कोलंबिया विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रत्येक कोने में बाबा साहेब की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो उनके प्रति लोगों के अटूट सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक हैं। रायपुर सहित पूरे प्रदेश में उनकी जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है, जिससे नई पीढ़ी निरंतर प्रेरणा प्राप्त कर रही है।

मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर बाबा साहेब के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति वहां की महिलाओं की स्थिति से आंकी जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का माध्यम बन रही हैं। उन्होंने कहा कि "विकसित भारत" के लक्ष्य के साथ छत्तीसगढ़ सरकार भी "विकसित छत्तीसगढ़" के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें बाबा साहेब के आदर्श मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री श्री खुशवंत साहेब, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री किरण सिंह देव, महापौर नगर पालिक निगम रायपुर श्रीमती मीनल चौबे, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## विभाग ने जिलों से प्राप्त प्रस्तावों और लोक शिक्षण संचालनालय की अनुशंसा के आधार पर यह निर्णय लिया है

# छत्तीसगढ़ में 10,463 स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का आदेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ी प्रशासनिक पहल करते हुए राज्य के 10,463 स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया है। विभाग ने जिलों से प्राप्त प्रस्तावों और लोक शिक्षण संचालनालय की अनुशंसा के आधार पर यह निर्णय लिया है, जिसमें ई-संवर्ग के 5,849 और टी-संवर्ग के 4,614 स्कूल शामिल हैं। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। युक्तियुक्तकरण का मुख्य उद्देश्य एक ही परिसर में संचालित स्कूलों को एकीकृत कर बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और शिक्षकों की उपलब्धता को संतुलित करना है। इसके तहत कई छोटे या पास-पास स्थित स्कूलों को आपस में मर्ज किया गया है, ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके।हालांकि इस प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर विरोध भी दर्ज कराया गया था। कई शिक्षकों को विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर स्थानांतरित किया गया, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यह मामला न्यायालय तक भी पहुंचा, जहां इस पर सुनवाई हुई। इसके बावजूद शासन ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए युक्तियुक्तकरण को लागू कर दिया। अब इस प्रक्रिया को लागू हुए लगभग एक वर्ष पूरा होने जा रहा है, लेकिन इससे जुड़े कई व्यावहारिक मुद्दे सामने आ रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या अनुदान राशि को लेकर सामने आई है। जिन स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया है, उन्हें सत्र 2025-2026 में अपेक्षित अनुदान राशि जारी नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, जिन स्कूलों को आपस में मर्ज किया गया है, वहां दोनों स्कूलों के छात्रों की संख्या के आधार पर अनुदान जारी होना चाहिए था। लेकिन वास्तविकता में केवल एक स्कूल की पूर्व दर्ज संख्या के आधार पर ही राशि जारी की गई है। इससे स्कूलों को मिलने वाली कुल राशि कम हो गई है, जबकि छात्रों की संख्या बढ़ चुकी है। इसका सीधा असर स्कूलों के संचालन और छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं पर पड़ रहा है। कई स्कूलों में संसाधनों की कमी की स्थिति बन गई है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। दूसरी बड़ी समस्या यू-डाइस पोर्टल से जुड़ी है। युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूलों का यू-डाइस नंबर मर्ज किया जाना था, ताकि छात्रों की कुल संख्या एकीकृत रूप से दर्ज हो सके। लेकिन एक साल बीतने के बावजूद यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। वर्तमान में मर्ज किए गए स्कूलों के अलग-अलग यू-डाइस नंबर अब भी सक्रिय हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यू-डाइस मर्जिंग की प्रक्रिया तकनीकी स्तर पर चल रही है और इसे जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं स्कूल प्रबंधन और शिक्षक इस प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग कर रहे हैं, ताकि छात्रों और स्कूलों को होने वाली परेशानियों को दूर किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि युक्तियुक्तकरण एक आवश्यक कदम है, लेकिन इसके साथ जुड़ी प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करना भी उतना ही जरूरी है। यदि आंकड़ों और अनुदान से जुड़ी समस्याएं दूर नहीं की गईं, तो इसका असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ सकता है।

# शारीरिक जटिल व्याधियों के उपचार में रामबाण औषधि है 'मकोय'

प्रकृति ने हमें अनेक ऐसी वनस्पतियों से नवाज़ा है, जो अपने भीतर अद्भुत रोग-निवारक शक्तियाँ समेटे हुए हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत प्रभावशाली और सुलभ औषधि है मकोय। ग्रामीण अंचलों में अक्सर खरपतवार समझा जाने वाला यह छोटा सा पौधा, आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में 'कायाकल्प' करने वाली जड़ी-बूटी के रूप में प्रतिष्ठित है।

मकोय की सबसे बड़ी विशेषता इसका 'पंचांग' जड़, तना, पत्ती, फूल और फल है, जिसका उपयोग प्राचीन काल से ही जटिल शारीरिक व्याधियों के उपचार में किया जा रहा है। विशेष रूप से लिवर और किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए इसे एक 'रामबाण' औषधि माना जाता है। सूजन को कम करने, शरीर को डिटॉक्स करने और पाचन तंत्र को सुदृढ़ बनाने के अपने गुणों के कारण, मकोय आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न रोगों के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है।

## वैज्ञानिक शोध के अनुसार

आजकल के शोध बताते हैं कि मकोय में 'सोलेनाइन' और 'सैपोनिन्स' जैसे तत्व होते हैं, जिनमें कैंसर रोधी गुण भी देखे गए हैं। विशेष रूप से लिवर और पेट के कैंसर की कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में इसके संभावित लाभों पर अध्ययन चल रहे हैं।

## रोगों के अनुसार पंचांग का सटीक प्रयोग

लिवर और किडनी के रोग (पीलिया, फैटी लिवर, सूजन) - इसमें संपूर्ण पंचांग का उपयोग होता है। इसका काढ़ा या ताजा 'मकोय अर्क' लिवर की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है और किडनी से टॉक्सिन्स बाहर निकालता है।

पेट और पाचन (अल्सर, कब्ज, कीड़े) इसमें पत्तियां और पके फल मुख्य हैं। पत्तियों का रस पेट की परत को आराम देता है और पके फल आंतों की सफाई कर भूख बढ़ाते हैं।

श्वसन तंत्र (अस्थमा, खांसी, गले की खराश) इसमें फल और फूल का प्रयोग होता है। इनका काढ़ा शहद के साथ लेने से फेफड़ों से बलगम बाहर निकलता है और गले का दर्द ठीक होता है।

त्वचा रोग (दाद-खाज, खुजली, कुष्ठ रोग) इसमें ताजी पत्तियों का उपयोग होता है। पत्तियों का रस या लेप चर्म रोगों में तुरंत राहत देता है।

मुख रोग (छाले, मसूड़ों की सूजन) इसमें ताजी पत्तियां रामबाण हैं। 4-5 पत्तियों को चबाने या इसके पानी से गरारे करने से लाभ मिलता है।

स्त्री रोग (अनियमित पीरियड्स, गर्भाशय सूजन) इसमें संपूर्ण पंचांग का काढ़ा प्रभावी है। यह गर्भाशय को शक्ति देता है और मासिक चक्र को नियमित करता है।

**हृदय रोग** इसमें पत्तियां और जड़ का प्रयोग होता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूती देकर शरीर की अतिरिक्त सूजन को कम करता है।

**जोड़ों का दर्द और गठिया** - इसमें पत्तियों का लेप प्रभावी है। पत्तियों को पीसकर गुनगुना करके जोड़ों पर बांधने से सूजन कम होती है।

**अनिद्रा** - इसमें जड़ का उपयोग होता है। सूखी जड़ का काढ़ा गुड़ के साथ रात को लेने से गहरी नींद आती है।

**कान का दर्द**- इसमें पत्तियों के रस को हल्का गुनगुना कर 1-2 बूंद कान में डालने से राहत मिलती है।

**नेत्र रोग** - इसमें पत्तियों के रस को आंखों के आसपास (बाहर की ओर) लगाने से जलन में आराम मिलता है।

**जलोदर और पुराना बुखार** - इसमें संपूर्ण पंचांग का अर्क मूत्र के जरिए शरीर से अतिरिक्त पानी और बुखार के विष को बाहर निकालता है।

सेवन की सामान्य विधि

**चूर्ण (3-6 ग्राम)** - सुबह-शाम हल्के गुनगुने पानी के साथ।

**काढ़ा (15-30 मिलीलीटर)** - ताज़ा बनाकर गुनगुना ही पिएं।

**अर्क/रस (5-10 मिलीलीटर)**- इसे सीधे या बराबर मात्रा में पानी मिलाकर पिएं।




## सेवन का सही समय

आमतौर पर मकोय का सेवन खाना खाने के 30 मिनट पहले खाली पेट करना सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है। विशेष रूप से लिवर, किडनी और पेट के कीड़ों की समस्या में इसे खाली पेट लेना चाहिए ताकि औषधि सीधे अंगों पर काम कर सके और शरीर इसे बेहतर तरीके से सोख सके।

यदि आपको पाचन की गंभीर समस्या है या खाली पेट काढ़ा पीने से पेट में हल्की जलन महसूस होती है, तो आप इसे खाना खाने के 30-45 मिनट बाद गुनगुने पानी के साथ ले सकते हैं।

बीमारी के अनुसार विशेष समय

**लिवर और पीलिया के लिए** - सुबह खाली पेट और शाम को खाने से पहले अर्क या काढ़ा लेना सबसे उत्तम है।

**अनिद्रा (नींद न आना) के लिए** - इसकी जड़ का काढ़ा रात को सोने से 1 घंटा पहले लेना चाहिए।

**पुरानी कब्ज के लिए** - रात को खाना खाने के बाद गुनगुने पानी के साथ इसका चूर्ण लेना फायदेमंद होता है।

### विशेष सावधानी

मकोय के कच्चे (हरे) फल विषैले हो सकते हैं, इनका सेवन कभी न करें। हमेशा अच्छी तरह पके हुए बैंगनी/काले फलों या विशेषज्ञ की सलाह पर सूखे पंचांग का ही उपयोग करें।

मकोय का सेवन शुरू करने के पहले 2-3 दिन इसकी कम मात्रा से शुरुआत करें ताकि आपका शरीर इसके प्रति अनुकूल हो सके। चूंकि इसकी तासीर गर्म होती है, इसलिए अधिक गर्मी महसूस होने पर मिश्री या ठंडे पानी का उपयोग किया जा सकता है।

गर्भवती महिलाएं इसका सेवन करने से पहले चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

क्या आपने पहले कभी मकोय के बारे में सुना था या इसके फलों को खाया है? इसे आप अपने क्षेत्र में किस नाम से जानते हैं? कमेंट में अपना अनुभव जरूर बताएं! अगर यह जानकारी अच्छी लगी है तो औरों के साथ शेयर करें, पोस्ट को लाइक करें और पेज को फॉलो करें।

# अग्र सेवा गौशाला में शेड क्रमांक 1 का उद्घाटन, 51 गौमाताओं का मंगल प्रवेश एवं सेवा विस्तार के महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए









**रायपुर।** अग्र सेवा सोसायटी की उप- समिति, अग्र सेवा गौशाला,( निर्माणाधीन) ग्राम तर्रा में आयोजित आम सभा एजेंडा अनुसार सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के पदाधिकारियों एवं गौशाला निर्माण में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले सम्माननीय दानदाताओं के करकमलों से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

बैठक में गौशाला के समग्र विकास, अग्र सेवा सोसायटी द्वारा संचालित गोकुल नगर, गोठान के संचालन, अग्र सेवा की जनमानस के लिए अन्य सेवाओ में विस्तार एवं नई योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान निर्माणाधीन गौशाला परिसर में अधिकतम सोलर सिस्टम के उपयोग तथा सर्वसमाज की सेवा के अंतर्गत डायलिसिस पीड़ित मरीजों की सेवा हेतु सेवा केंद्र प्रारंभ करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

साथ ही, गौशाला के पर्यावरण संरक्षण एवं गौमाताओं को शुद्ध व शीतल वातावरण प्रदान करने हेतु बुजुर्गों के नाम एक पेड़ प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके अंतर्गत सभी सदस्य अपने-अपने पूर्वजों के नाम से कम से कम दो वृक्ष गौशाला प्रांगण में रोपित करेंगे।

गौसेवा के साथ-साथ अन्य जीवों के संरक्षण की भावना को साकार करते हुए गौशाला परिसर में एक बर्ड्स टावर (पक्षी आश्रय) के निर्माण कार्य की जानकारी भी साझा की गई, जिसमें पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय तथा दाना-पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसका निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

बैठक उपरांत पूर्ण रूप से निर्मित शेड क्रमांक 1 का शुभ उद्घाटन, इस शेड के निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले श्री अशोक अग्रवाल (नंदन स्टील) के करकमलों से उनके परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति में, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितजी द्वारा नारियल फोड़कर सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन के पश्चात नव-निर्मित शेड में 51 गौमाताओं का मंगल प्रवेश गौ माता की जय के जयघोष एवं पुष्पवर्षा के बीच कराया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने चंदन, अक्षत, पुष्पमाला एवं आरती के माध्यम से गौमाताओं का पूजन किया तथा हरा चारा, गुड़ एवं अपने-अपने घरों से लायी गई रोटियाँ खिलाकर सेवा भाव व्यक्त किया।

इसी क्रम में गौशाला प्रांगण में निर्मित चारागृह गोदाम का उद्घाटन, इसके निर्माण में सहयोग देने वाले श्री सुरेश गोयल खेदड़िया के करकमलों से संस्था के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

संस्था अध्यक्ष श्री कैलाश अग्रवाल ने बताया कि निकट भविष्य गौमाताओं के लिए सुसज्जित सर्वसुविधायुक्त आश्रय आधुनिक सुविधाओं से युक्त और भी शेड निर्मित किए जा रहे है, जिससे यह अग्र सेवा गौशाला असहाय, लावारिस एवं वृद्ध गौमाताओं के लिए एक सुरक्षित एवं सेवा-प्रधान आश्रय स्थल के रूप में स्थापित होगी। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्य,सभी सम्मानीय सदस्य , दानदाता एवं अनेक गौभक्त उपस्थित रहे।





उपस्थित पदाधिकारी-

श्री कैलाश अग्रवाल (अध्यक्ष)

श्री रमेश अग्रवाल (उपाध्यक्ष)

श्री राजकुमार अग्रवाल (सचिव)

श्री राजेश अग्रवाल (कोषाध्यक्ष)

श्री सुभाष अग्रवाल (वरिष्ठ सदस्य।

# कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने ली खाद्य, कृषि एवं सहकारी समितियों की विस्तृत समीक्षा बैठक

## खाद-उर्वरक उपलब्धता, धान उठाव, पीडीएस व्यवस्था एवं पेट्रोल-डीजल-एलपीजी आपूर्ति पर दिए सख्त निर्देश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज जिला कार्यालय में खाद्य, कृषि विभाग एवं सहकारी समितियों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में खाद-उर्वरक की उपलब्धता, धान उठाव की प्रगति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), डीआरसीएस एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नोडल अधिकारी के कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को निर्धारित समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समितियों में भंडारण, परिवहन एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कमी या शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण किया जाए।

धान उठाव की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का समयबद्ध उठाव सुनिश्चित हो, ताकि समितियों में अनावश्यक दबाव न बने और किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



बैठक में जिला खाद्य अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी (रसोई गैस) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिले में इन आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है, इसे बनाए रखते हुए सतत मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने डीआरसीएस एवं सीसीबी नोडल अधिकारियों को सहकारी समितियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन की योजनाओं का लाभ किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि जिले में कृषि एवं खाद्य आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि एवं बैंकिंग संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर के छात्र अनंत शर्मा ने प्राप्त किए 94.6% अंक, टॉप-10 में बनाई जगह

**थान खमरिया।** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा में अध्ययनरत नगर के होनहार विद्यार्थी अनंत शर्मा ने सीबीएसई परीक्षा में 94.6त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप-10 में स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से नगर में हर्ष का माहौल है प्रारंभ से ही मेधावी रहे अनंत ने गणित में 98 एवं सामाजिक विज्ञान में 97 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वे एक शिक्षकीय परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता अमित कुमार शर्मा एवं माता आरती शर्मा दोनों ही शासकीय शालाओं में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। अनंत शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन एवं अनुशासन ही उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा। अनंत



की इस उपलब्धि पर नगर के डॉ. आर.पी. शर्मा, करण सिंह भुवाल, राजेश ठाकुर, ढाल सिंह राजपूत, हरि केडिया, गोपाल शर्मा, राज शर्मा, राकेश जोशी सहित मोहल्लेवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# खरीफ 2026 के लिए उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित, कालाबाजारी पर सख्ती

## उर्वरको की कालाबाज़ारी रोकने जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

**बेमेतरा।** मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 25 मार्च 2026 को जारी निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन बेमेतरा खरीफ मौसम 2026 की तैयारियों में सक्रिय हो गया है। किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उर्वरकों की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय तथा अमानक उर्वरकों की बिक्री जैसी अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति या फर्म इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। इसी क्रम में जिले में उर्वरक संबंधी अनियमितताओं की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल



का गठन किया गया है। इस दल के नोडल अधिकारी के रूप में अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत को नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री हर्षलता वर्मा (डिप्टी कलेक्टर), श्रीमती शिल्पा अग्रवाल (जिला पंजीयक सहकारी संस्थाएं), डॉ. श्याम लाल साहू (सहायक संचालक कृषि) एवं श्री देशराज यादव (सहायक संचालक कृषि) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उक्त उड़नदस्ता दल जिलेभर में सतत निरीक्षण कर उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं विक्रय की नियमित निगरानी करेगा। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

## श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया। स्थानीय राधाकृष्ण जमात मंदिर में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना वैदिक रीति-विधान से संपन्न कराई गई। पंडित ओमप्रकाश जोशी एवं विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**





कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम की आराधना के साथ-साथ प्रवचन एवं संबोधन का आयोजन भी किया गया। सर्वप्रथम कवि महेंद्र सिंह विरदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान परशुराम पराक्रम, सत्य, योगनीति एवं धनुर्विद्या के प्रतीक थे। उन्होंने अधर्म और अत्याचार का अंत कर समाज में धर्म की स्थापना की।

जिला महामंत्री राजेश ठाकुर ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें परशु (फरसा) प्रदान किया, जिसके कारण उनका नाम परशुराम पड़ा। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं अनिल सिंघानिया ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की परंपराएं अत्यंत व्यापक हैं। हमें भगवान परशुराम सहित सभी देवताओं के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और एकता स्थापित करनी चाहिए।

महंत बसंत दास वैष्णव ने कहा कि भगवान परशुराम का व्यक्तित्व अद्वितीय था। वे ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रिय गुणों से युक्त थे और उन्होंने यह सिद्ध किया कि जब समाज में अत्याचार बढ़े, तो उसका प्रतिकार करना ही सच्चा धर्म है।

पंडित ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि ब्राह्मण कोई जाति नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जो समाज को दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिन्होंने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की रक्षा की।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गिरीश शर्मा, कमल किशोर शर्मा, ज्ञान प्रकाश जोशी, गोपाल शर्मा, सतीश जोशी, श्रवण सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, महेंद्र सिंह विरदी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राजेश ठाकुर, बसंत दास वैष्णव, बलदेव जोशी, राम अवतार मिश्रा, रामविलास शर्मा, शालू शर्मा, गोविंद शर्मा, शिवेंद्र, प्रवीण सिंघानिया, नंदकुमार ठाकुर, विपिन शर्मा, राकेश जोशी, रजनीश त्रिपाठी, राजेंद्र बिंदल सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज एवं अग्रवाल समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल किशोर शर्मा ने किया।

# शताब्दी वर्ष पर रायपुर में शतकंठ गायन, वंदे मातरम से गूंजा वातावरण

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रायपुर महानगर के अंतर्गत आयोजित शतकंठ गायन कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीराम मंदिर, वीआईपी रोड में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 100 स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से गीत की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 100 स्वयंसेवकों ने कुल पांच चयनित गीतों की एक साथ, एक स्वर में लयबद्ध प्रस्तुति दी। इसमें उल्लेखनीय यह हुआ कि इन गीतों में वैदिक, राष्ट्रीय और स्थानीय भाषा क्रमशः संस्कृत, हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा में गीत गाया गया, जो हमारे सांस्कृतिक एकता को दर्शाता है। राष्ट्रीय विचारों को सिंचित करनेवाले इन गीतों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, एकता और समरसता का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। सभी गीतों की प्रस्तुति अत्यंत मनमोहक रही और श्रोताओं ने पूरे भाव के साथ उसका आनंद लिया।





कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया और स्वयंसेवकों सहित उपस्थित प्रबुद्ध जनों के मन में राष्ट्र के प्रति गर्व और समर्पण की भावना का संचार हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छत्तीसगढ़ प्रांत के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने अपना पाथेय देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता, राष्ट्रभक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। विगत 100 वर्षों की यात्रा में संघ अपने स्वयंसेवकों में शाखा में ऐसे गीत के माध्यम में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर काम करती आई है। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्र प्रथम की भावना को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।




**- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संघ शताब्दी वर्ष में शतकंठ गीत कार्यक्रम का किया आयोजन**

**- 100 वर्ष पूरे होने पर 100 स्वयंसेवकों ने गाया गीत**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ के अधिकारी, स्वयंसेवक एवं मातृशक्ति सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। आयोजन को संघ के शताब्दी वर्ष के एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयाम के रूप में देखा गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com